Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006

Participants : Rajendra Kumar Shri

an>

Title : Need to ensure supply of water for irrigation to the farmers in view of receding water level in rural areas of Hardwar Parliamentary Constituency.

श्री राजेन्द्र कुमार (हरिद्वार) : उपाध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र हरिद्वार के ग्रामों अमरपुर, बालेकी,नन्हेड़ा, सरठेड़ी, मानकपुर, सुनहैटी, खाटाखेड़ी, बेहडेकी, माजरा, खेलपुर, सिरचन्दी और डेलना आदि में जल स्तर बहुत कम हो गया है जिसके कारण यहां के निवासियों को पानी की अत्यधिक कमी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को खेती करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है जिससे किसानो के भूखों मरने की नौबत हो गई है।

मुहम्मदपुर से तासीपुर होते हुये जो नहर बनाई जा रही है, उसमें से एक अन्य नहर या एक छोटी नहर (खझाया) इन ग्रामों के बीच में पहुंचाई जाये जिससे यहां के जल स्तर में सुधार हो सके तथा किसानों को पर्याप्त पानी की सुविधा प्राप्त हो।

उपाध्यक्ष महोदय : राम लखन सिंह जी, मैं आज तो आपको टाइम दे रहा हूं लेकिन फ्युचर में आप पहले नोटिस देंगे तभी आपको मौका दिया जायेगा।